महानगर
वर्ष 51 । अंक 317
पृष्ठ : 16
मूल्य : पांच रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

3 दिसंबर 2019

विश्व एड्स दिवस: दुपट्टे से प्रतीक चिह्न बनाकर एड्स के प्रति किया जागरूक

बरेली। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में शहर के कई कॉलेजों में आयोजन हुए। स्टूडेंट्स ने कहीं पोस्टर तो कहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर एड्स से बचाव का संदेश दिया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने लाल दुपट्टे से एड्स के चिन्ह को दर्शाकर जागरूक किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी तृप्ति शर्मा प्रथम, शिवांगी शर्मा और तनुजा जोशी संयुक्त रूप से द्वितीय, कुमारी स्मृति गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में कुमारी शिवानी गुप्ता प्रथम, खुशबू शुक्ला और सृष्टि शर्मा द्वितीय, प्रिंसी शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। यहां कार्यक्रम अधिकारी अर्चना राजपूत, प्रधानाचार्य अनु पाराशरी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार बांटे गए।

एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में सोमवार को एड्स जागरूकता के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। प्राचार्य डॉ. डीके मौर्य ने शिविर का शुभारंभ किया। स्टूडेंट ने नाटक के माध्यम से लोगों के एड्स के प्रति जागरूक किया। डॉ. संतोष कुमार ने आयुर्वेदिक दवा की जानकारी दी। ब्यूरो

एसआरएमएस के स्टूडेंट्स ने एड्स जागरूकता के लिए निकाली रैली

बरेली। एसआरएमस के स्टाफ और स्टूडेंट ने सोमवार को एड्स के प्रति जनजागरूकता के लिए मानव शृंखला बनाई। बाद में संस्थान से भोजीपुरा रेलवे स्टेशन तक रैली निकाली। रैली को संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. निर्मल यादव, प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता, उप चिकित्साधीक्षक डॉ. आरपी सिंह ने रवाना किया। रैली में स्टूडेंट्स ने विभिन्न संदेश लिखी पट्टिकाओं, पंफलेट के माध्यम से लोगों के एड्स से बचाव के प्रति जागरूक किया। एड्स से बचाव के उपायों की जानकारी देने के लिए नाटक का भी मंचन किया गया। इस दौरान डॉ. मीनाक्षी सिंह, डॉ. हुमा खान, डॉ. सुरभि शर्मा, डॉ. उदित, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. ललिति सिंह आदि मौजूद रहे।